## खबर संक्षेप

### सास व नंनद ने मिल कर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की त्रिवेदी कालोनी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब उसका पति काम पर गया हुआ था उसी दौरान प्राथिर्या का बेटा खेल रहा था तो सास द्वारा प्राथिर्या से बोला गया तो तुम्हारे लड़के को समझा लो उधम करता है। जब प्रार्थी ने कहा कि सासू माँ बच्चा है उधम कर दिया तो का होत है। इसी बात को लेकर प्राथिर्या की सांस द्वारा गंदी गंदी गालिया देना शुरू कर दिया गया। जब बहू द्वारा गाली देने से मना किया तो उसी दौरान नंनद भी आ गई और उसने प्राथिया के साथ पटिया से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सास व ननंद के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मासूम बच्चों को डाटने पर पति पत्नी के बीच विवाद

**गाडरवारा।** समीपस्थ चीचली पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मऊ निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै जब अपने घर पर काम कर रही थी उसी समय पति नीतेश कौरव शराब पीकर आया और दो साल नौ माह के बच्चें को बगैर कारण डाटते हुये गंदी गंदी गालिया देने लगे तो प्राथिर्रूा द्वारा अपने पति को इस तरह छोटे बच्चें को गाली देने से मनाया किया तो पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नि की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका को दी धमकी

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम अंजदा आंगनवाडी केन्द्र में सहायिका द्वारा जब आंगनवाडी कार्यकर्ता के साथ घर घर पहुंचकर सत्तू बांट रही थी उसी दौर अंजदा टोला रामपाल अहिरवार के घर पहुंची तो वहां पर रामपाल अहिरवार आंनगवाड़ी सहायिका से कहा की तुमने मेरी पत्नी को दो माह से सत्तू नही दिया गया। इस बात को सहायिका द्वारा कहा कि हम तो हर माह देते है। इसके बाद जब सहायिका अपने आंगनवाड़ी केन्द्र वापिस आ गई तो कुछ देर पर आरोपी अहिरवार आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के िलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### शराब की बोतल फेंकने पर विवाद

**सांईखेड़ा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सिरसिरी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि गांव का सत्ते सिंह राजपूत आये दिन शराब पीकर खाली बोटल प्रार्थी के घर के सामने फेक देता है। इस बात को लेकर जब प्रार्थी द्वारा इस तरह घर के सामने शराब की वोटल फेकने से मना किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### दबाई के पैसा मांग तो कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेडा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस वही की अग्रवाल मेडिकल दुकान पर काम करने वाले युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह दुकान पर था उसी दौरान नीलेश पचौरी नामक युवक कुछ दबाई लेने के लिये आया जिसको प्रार्थी द्वारा दबाई दी तो वह दबाई लेकर जाने लगा इस पर प्रार्थी द्वारा जब नीलेश से पैसा मांगे तो वह गंदी गंदी गालिया देने लगा। इसके बाद वहां से जाने के उपरांत कुछ देर बात अपने साथ अभिषेक दोदेरिया को लेकर आया और गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## कलेक्टर का आदेश हो रहा बेअसर..

# प्रतिबंध के बाद भी जहां तहां खुलेआम जलाई जा रही धान की प्याली सहित गन्ने की पटरोई

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** अक्सर देखा जाता है कि किसानों द्वारा अपने खेतों से फसल काटने के उपरांत शेष रहे फसल डंठल यानि की प्याली में आग लगा दी जाती है जिसके चलते पर्यावरण को क्षति पहुंचने के साथ साथ खेतों में फैसल को पोषक बनाने की क्षमता भी समाप्त होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जिला कलेक्टर द्वारा इस समय नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाली सीमा में इस तरह प्याली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।





ज्ञात हो कि वायु मंडल, पर्यावरण एवं भूमि की क्षति को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक हित में जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में नरवाई जलाने की प्रथा पर तत्काल अंकुश लगाने के लिए जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाया है। जनसामान्य को बाधा, क्षति, मानव जीवन स्वास्थ्य, क्षेम के खतरे के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कुछ दिवस पहले जिले की सीमाओं में खेत में खड़े धान के डंठलों (नरवाई) एवं फसल अवशेषों में आग लगाये जाने पर प्रतिबंध लगाया है। वही आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिसके चलते कृषि विभाग सहित अन्य अधिकारियों को इस पर नजर रखने के आदेश जारी किये गये है। मगर इसके बाद भी जिस तरह जहां तहां देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा अपने खेतों की धान काटने के बाद धड़ल्ले से जलाई जा रही धान की प्याली व गन्ना कटाई करने के लिये पतरोई में आग लगाने के कारण चारो ओर धुंआ फैलने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि नरवाई में आग लगाने से भूमि में मौजूद माइक्रोब्ज की क्षति होती है। इसके साथ ही यह पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि कारित हुई है। वही ग्रीष्म ऋतु में इससे जल संकट में बढ़ोत्तरी होती ही है, साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती हैं। राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगान वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। आदेश के अनुसार खेत की आग के नियंत्रित होने तक जन, सम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीवजंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक परिस्थितिक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। खेत में पड़ा कचरा, भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं। इन्हें जलाकर नष्ट करना प्राकृतिक खाद्य को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कृषकों द्वारा रोटोवेटर व अन्य साधनों से धान के डंठल खेत से हटाने के लिए साधन अपनाये जाने लगे हैं। अतः कृषकों के पास वैकल्पिक सुविधा जो कि जनहित में भी उपलब्ध हो गई है। नरवाई जलाने से भूमि की लवण सांद्रता प्रभावित होती है, जो पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण की दर निर्धारित करती है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस समय गन्ना कटाई का सीजन भी शुरू हो चुका है। इस स्थिति में बाहर से गन्ना कटाई करने के लिये आये हुये लोगों द्वारा गन्ने में आग लगाते हुये कटाई करते हुये देखे जाते है। इस तरह आग लगाकर गन्ना कटाई करने से उन्हें कम मेहतन करना पड़ती है। इस तरह ठंडल व पतरोई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसके बाद भी खुलेआम धान की प्याली सहित गन्ना कटाई के लिये जिस तरह पतरोई जलाते हुये जिला अधिकारी के आदेश की अव्हेलना होते हुये देखा जा रहा है। वही चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है। हैरत की बात है कि जिला कलेक्टर द्वारा जारी किया गया आदेश जहां बेअसर साबित होते हुये जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर स्थानीय स्तर के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लगातार लोगों द्वारा प्याली को आग के हबाले किये जाने के चलते प्रदूषण फैल रहा है तो दूसरी ओर इन खेतों के आसपास जिन किसानों की गन्ना फसल लगी हुई है उन्हें चिंता में देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि कुछ दिनों पहले जिला कलेक्टर द्वारा इस तरह फसल के डंठल प्याली जलाने पर प्रतिबंध आदेश जारी करते हुये स्थानीय स्तर के अधिकारियों को आदेश दिये गये थें कि यदि इस आदेश के बाद भी किसी के द्वारा यह कार्य किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावे। मगर अधिकारियों से लेकर पंचायतों द्वारा इस सच्चाई को जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है उससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों जिला कलेक्टर का आदेश इन अधिकारियों के लिये कोई महत्व ही नही रखता है..?

## एक दर्जन गौवंश की मौत का मामला धीरे धीरे पकड़ रहा है तूल

# मृत गौ माताओं को न्याय दिलाने मुख्यमंत्री के नाम फिर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। बीते हुये दिनों नगर में एक साथ एक दर्जन गौवंश की मौत होने की खबर जब नगर में फैली तो सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया और लोगों द्वारा इसे अशुभ संकेत की शुरूआत होने की दर्जा देने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इस तरह सामूहिक रूप से हुई गौवंश की मौत को लेकर गौपालकों द्वारा किये गये विरोध को ध्यान में रखते हुये पुलिस द्वारा गौवंश की मौत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये कार्यवाही का भरोसा तो दिया गया था।**



मगर लम्बा समय बीते जाने के बाद भी आरोपी का खुलासा नही होने की स्थिति में लोगों में फिर आक्रोश की चिन्गारी जोर पकड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है..? बताया जाता है कि नगर के समीप आयोजित एक विवाहिक आयोजन के दौरान बजे हुये भोजन को खुले मैदान में फेके जाने के चलते गौवंश द्वारा उसका लगातार सेवन किये जाने के कारण ही उनकी मौत हुई है..? वैसे भी देखा जावे तो भले आरोपी कोई भी हो वह अपनी पहुंच के बल पर कानूनी प्रक्रिया से बचने में सफल क्यों न हो जावे। मगर गौ हत्या का कलंक कई पुस्तों तक पीछा नही छोड़ता है यह बात धार्मिक कथाओं में सुनी जाती है। भले ही आम लोगों के नजर में लोग अपने आपको बेकसूर साबित कर डाले। मगर भगवान के यहां दर्जा हुआ रिकार्ड कभी नही मिटता है। इस तरह नगर में कुछ दिनों पहले सामूहिक रूप से हुई गौवंश की मौत को लेकर बीते हुये दिवस नगर के गौ संसद व ए सनातन धर्म लंबी लोगों द्वारा कार्यवाही की मांग करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये कार्यवाही की मांग की गई। इसके आलवा अन्य मांगों में कहा गया है कि वेदलक्ष्णा देशी गौ माता को पशु की सूची से हटाकर माता की सूची में शामिल कर मध्य प्रदेश की राज्य माता घोषित की जाए। वही नगर में फूड प्वाइजनिंग से मृत्यु हुई गौ माता को निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सामाजिक और सार्वजानिक आयोजन में बचें खाद्य पदार्थ के निस्तारण हेतु शासन द्वारा कठोर से कठोर दिशानिर्देश बनाए जाये।पालीथीन पन्नी पर पूर्ण प्रतिबंध केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न होकर वास्तविक धरातल पर भी लागू किया जाये। नगरपालिका द्वारा संचालित कचरा डंपिंग (टीचिंग)मैदान में गेट न होने के कारण सैकड़ो गोवंश उसके अंदर जहरीले कचरे को खा रहे है वहां पर गेट लगाते हुये निगरानी की जावे। क्षेत्र में संचालित शुगर मिलों में गन्ना परिवाहन में गोवंश (बैलगाड़ी) के द्वारा उनकी क्षमता से अधिक भार की ढुलाई न हो इस हेतु शासन द्वारा दिशानिर्देश जारी किए जाये। इसके आलवा गौ संरक्षण को लेकर अन्य मांग और शामिल थी। ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से पं महेंन्द्र भार्गव अध्यक्ष भारतीय गौ क्रांति मंच,जिला उपाध्यक्ष पं. भागीरथ तिवारी , पं आदित्य पाराशर, पं मुकेश बसेड़िया, पं मनोज शर्मा,पं हेमन्त स्वामी सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# पंचागदान व शुकदेव सम्मान के साथ अमर ज्योति प्रज्ज्वलन कर दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विवाह पंचमी के अवसर स्थानीय नर्मदा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में परशुराम सेना मप्र द्वारा ब्राहाण बंधुओ को पंचागदान देकर एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा व्यास वक्ताओं को भगवान श्री शुकदेव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य संत श्री कमलनयन दास महाराज के सानिध्य में क्षेत्र के पंद्रह प्रसिद्ध कथा व्यास जनों को पंचाग ,पीत वस्त्र ,कैलेंडर आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारत माता के वीर सपूत बोहानी निवासी शहीद आशीष शर्मा के नाम एक दिवसीय अमरज्योति प्रज्ववलित कर वेदोक्त पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस दौरान मुकेश बसेडिया ने कहा कि विवाह पंचमी पर प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता हैं। इस वर्ष कथा व्यास करने वाले विप्र बंधुओ को सम्मान करने का निर्णय लिया गया हैं। परशुराम सेना विप्र समाज के कल्याण के लिए कृत संकल्पित हैं। कार्यक्रम में देतपोन से आये संत कमलनयन महाराज ने कहा कि मुकेश बसेडिया हमेशा पीडित मानवता की सेवा से जुड़े कार्य करते हैं। इस मौके पर बीरेन्द्र शास्त्री, पं. भगवान दास चौबे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण व्यास ने किया। इस अवसर पर पं केशव पचौरी, पं भारत भूषण तिवारी, रेवाश्री परिवार से रजनीश पटेल, वरिष्ठ शिक्षक राजेश गुप्ता, मधुसूदन पटेल, सुरेन्द्र पटैल, राजेश पचौरी भी मौजूद रहे।




## अग्निकांड से पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे विधायक विश्वनाथ पटैल, मदद का दिया भरोसा



**हरिभूमि न्यूज/ कौड़िया।** स्थानीय ग्राम पंचायत नवीन भवन के बाजू में कौरव निवास यानि की पत्रकार रजनीश कौरव के मकान में अचानक आग उस समय लग गई थी जब पूरा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये गया हुआ था। इस तरह घटित हुई आगजन की घटना में जहां घर के अंदर रखे हुये सोने चांदी के जेबर व लगभग एक लाख रूप से अधिक की नगद राशि के आलवा टी व्ही, फ्रिज, इनवेटर सहित अन्य जरूरी सामग्री जलकर खाक होने से नही बच पाई। इस तरह से लाखों की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ा है। मगर अभी तक आग लगने के कारणों पर पता नही चल पाया है। इस तरह घटित हुई घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ पटैल पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर पूरी मदद का भरोसा दिलाया गया। वही आग जगने के कारणों का पता लगाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की खबर है। वही घटना पर विधायक पटैल ने दुःख व्यक्त करते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया और आग में हुए नुकसान का आंकलन कर सहायता प्रदान करने कहा। विधायक ने अधिकारियों ने कहा कि शासन के नियम अनुसार जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों को उचित सहायता उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल (मुलायम भैया) के साथ हरि प्रताप ममार जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ईश्वर सिंह गुर्जर मंडल अध्यक्ष कौड़ियां, धनंजय पटेल जिला पंचायत सदस्य, राजकुमार रघुवंशी, बृजेंद्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, आत्माराम कौरव सरपंच बरहटा (बरेली) सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थें।

# अज्ञात चोरों ने अलग अलग 11 स्थानों से पार किया 11 के व्ही लाईनों बिजली तार

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिस तरह गांव गांव शराब का अवैध कारोबार व अन्य मादक पदार्थो की अवैध विक्री का परिणाम है कि युवा पीढ़ी इसक चपेट में आने के चलते जहां नशे की लत का शिकार होते चले जा रहे है। वही दूसरी ओर अपनी तल पूरी करने के लिये चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने में पीछे नही रह रहे है। हाल यह बना हुआ है कि किसानों के खेतों पर खड़ी हुई बिजली लाईन के तार भी अब सुरक्षित नजर नही आ रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये दिनों उस समय देखने मिली जब अलग अलग 11 स्थानों पर अज्ञात चोरों द्वारा बिजली लाईन को पार कर डाला। घटना को लेकर चीचली विद्युत कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता रोहित कुमार पिता सुरेश कुमार यादव द्वारा इसकी शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। विद्युत अधिकारी द्वारा की गई अपनी शिकायत में



उल्लेखित किया गया है कि विद्युत वितरण केन्द्र चीचली अंतर्गत ग्राम दिघौरी मौजा दिघौरी में 11 के.व्ही. कान्हर गांव कृषि फीडर के 02 स्पान के तार सोमेश कौरव आ. मल्खान सिंह कौरव के खेत से लेकर राजू कौरव आ. भागचंद कौरव के खेत तक के तार किसी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर लिये गये। इसके बाद उक्त स्थान में के 07 स्थान का एल्यूमूनियं तार पुनः अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पार किया गया। इसी तरह से ग्राम मगरमुंहा निवासी अखिल कौरव के खेत में कान्हर गाँव रोड के बाजू में 11 के.व्ही. कान्हरगाँव कषि फीडर के 02 पोल के तार इस तरह कुल 11 स्थानों पर लगभग 495 किलो तार जिस की कीमत कुल 65835 रूपये का तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। बिजली विभाग के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। मगर इस तरह 11 के व्ही जैसी लाईनों से बिजली तार चोरी होने की घटना से जहां क्षेत्र के किसान परेशान दिखाई दे रहे है। क्योंकि जब बिजली लाईनों का तार चोरी होता है तो किसानों का सिंचाई कार्य प्रभावित होने से नही बच पता है। इस तरह चीचली क्षेत्र में तार चोरों के बढ़ते हुये होसले पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है..?

# कृषि शिक्षा को मिली नई दिशाः सांदीपनि विद्यालय के छात्रों ने किया कृषि फार्म का शैक्षिक भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की सोच के चलते बीते हुये दिवस स्थानीय सांदीपनि विद्यालय के एग्रीकल्चर (कृषि) ट्रेड के विद्यार्थियों ने ग्राम के पास स्थित कृषि फार्म का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक और व्यावसायिक कृषि तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बताया जाता है कि छात्र छात्राओं ने इस भ्रमण के दौरान विशेष रूप से संरक्षित वातावरण में की जाने वाली जरबेरा और गुलाब की व्यावसायिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। वही फार्म के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे फूलों की खेती को उच्च गुणवत्ता और बाजार की मांग के अनुरूप तैयार किया जाता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इस भ्रमण का मुख्य आकर्षण आधुनिक कृषि प्रणालियों का प्रत्यक्ष अवलोकन रहा, जिसने विद्यार्थियों में भारी उत्सुकता पैदा की। छात्रों ने न केवल इन तकनीकों को देखा, बल्कि उनसे संबंधित कई बारीक सवाल भी पूछे ड्रिप सिंचाई प्रणाली विद्यार्थियों ने पानी की बचत करने वाली और पौधों को सीधे पोषक तत्व पहुँचाने वाली इस उन्नत सिंचाई विधि की कार्यप्रणाली को समझा। पॉलीहाउस तकनीक नियंत्रित तापमान और आर्द्रता में उच्च मूल्य वाली फसलों (जैसे जरबेरा) की खेती कैसे की जाती है, यह छात्रों ने करीब से देखा। ग्राफ्टिंग बागवानी की महत्वपूर्ण तकनीक ग्राफ्टिंग के व्यावहारिक प्रदर्शन को देखकर छात्र उत्साहित हुए और इसके लाभों को जाना। व्यवहारिक ज्ञान है समय की मांग। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को रोजगारोन्मुख बनाना है। एग्रीकल्चर ट्रेड के तहत इस तरह के फार्म भ्रमण, विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में उद्यमशीलता और नवीनतम प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए प्रेरित करते हैं। बताया जाता है कि इस भ्रमण से विद्यार्थियों को न केवल आधुनिक कृषि की समझ मिली, बल्कि उन्हें भविष्य में एक सफल किसान, कृषि विशेषज्ञ या उद्यमी बनने की प्रेरणा भी मिली।



### ड्राइवर कल्याण संघ द्वारा शुरू किया अभियान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** ऑल ड्राइवर कल्याण संघ भारत जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश की ओर से बीते हुये दिवस ड्राइवर जन जागरूकता अभियान की शुरूआत करते हुये प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अपनी 29 सूत्रिये मांगों को लेकर एसडीएम को मांग पत्र सौपा गया। बताया जाता है कि सभी ड्राइवर नर्मदा शुगर मिल साली चौका में एकत्र होकर अपनी अपनी बात संगठन में रखी। इस दौरान समस्त ड्राइवर ड्राइवर आयोग ड्राइवर दिवस की मांग लेकर अधिकारी के समक्ष पहुंचकर मांग पत्र सौपा गया। इस दौरान संगठन से जिला अध्यक्ष पतिराम दावरे, गाडरवारा तहसील ऑटो अध्यक्ष राजू राजपूत के आलवा गंगाराम कुशवाहा, लक्ष्मण अहिरवार, चेतराम यादव, नितेश जैसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे जिन्होनें अपनी मांगों की पूर्ति के लिये नारेबाजी भी की गई।



**खबर संक्षेप**

## बरगांव में भूमिपूजन, लोकार्पण कार्यक्रम में महिला जनप्रतिनिधि की उपेक्षा का आरोप

**डिण्डौरी/शहपुरा।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत बरगांव ग्राम पंचायत में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य कीर्ति साहू को उपेक्षित किए जाने का मामला सामने आया है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए शिलालेख में जनपद सदस्य का नाम तक शामिल नहीं किया गया, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया है।जनपद सदस्य कीर्ति साहू ने इस पूरे घटनाक्रम को महिला जनप्रतिनिधि के सम्मान से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि—"क्या भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं का सम्मान इसी तरह करती है? विधायक और भाजपा नेता भूमिपूजन करने आए, शिलालेख में सभी नेताओं का नाम है, लेकिन मैं इस क्षेत्र की निर्वाचित जनप्रतिनिधि हूँ। फिर भी मेरा नाम नहीं जोड़ा गया। यह सार्वजनिक मंच पर एक महिला प्रतिनिधि का स्पष्ट अपमान है।"उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों में जनपद सदस्य की भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसके बावजूद मंच और शिलालेख से उनका नाम गायब रहना न केवल लोकतांत्रिक शिष्टाचार के विपरीत है, बल्कि महिला नेतृत्व की अनदेखी का भी संकेत है।स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर असंतोष जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब कोई महिला जनप्रतिनिधि जनता का बहुमत लेकर चुनी गई है, तो उसका सम्मान और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जनता के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि सार्वजनिक कार्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है। उधर, संबंधित विभाग और आयोजक पक्ष की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है।हालाँकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएँ भविष्य में राजनीतिक शिष्टाचार और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को प्रभावित कर सकती हैं।बरगांव का यह मामला अब जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है, और महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी तथा सम्मान को लेकर नए सवाल खड़े कर रहा है।

# अब डिंडोरी में शिकायत सीधे एसपी तक, पुलिस ने शुरू की पारदर्शी ऑनलाइन सुविधा

डिंडौरी।

जनहित में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए जिला पुलिस बल डिण्डौरी ने आम जनता की समस्याओं, शिकायतों व सुझावों को सीधे पुलिस अधीक्षक तक पहुँचाने के लिए एक ऑनलाइन शिकायत प्रणाली प्रारम्भ की है। इस सुविधा के तहत अब नागरिक बिना किसी भय, दबाव या औपचारिकता के अपनी शिकायत सीधे पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच अधिक पारदर्शिता, विश्वास, त्वरित सुनवाई व निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना है ।






### क्यूआर कोड से होगा आवेदन – पहली बार डिण्डौरी जिले में

जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा एक विशेष QR Code System लागू किया गया है।नागरिक मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे ऑनलाइन फॉर्म में अपनी समस्या दर्ज कर सकते हैं।

### कैसे करेगी जनता शिकायत?

प्रत्येक नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन भर सकता है, शिकायत भरने हेतु क्यू आर कोड को अपने फोन से स्कैन करें उसके पश्चात watch to continue पर क्लिक करें इसके बाद फार्म पूरा भरें एवं सबमिट करें । जानकारी सही-सही भरना अनिवार्य, साथ ही शिकायत पत्र की फोटो या पीडीएफ अपलोड करना जरूरी ।यह क्यूआर कोड निम्न सभी थाने व चौकियाँ, पुलिस लाइन परिसर,विभिन्न शासकीय कार्यालय पर लगाया जा रहा है इससे लोग बिना किसी संकोच के, घर से या सार्वजनिक स्थान से ही अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

### पुलिस अधीक्षक का संदेश

डिण्डौरी पुलिस की प्राथमिकता नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और शिकायतों पर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई है। तकनीक के माध्यम से हम शिकायत प्रणाली को अधिक पारदर्शी, लोकहितकारी और जनता के लिए सुलभ बना रहे हैं।डिण्डौरी पुलिस आम नागरिकों से आग्रह करती है कि इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें, शिकायत/आवेदन स्पष्ट रूप से दर्ज करें, आवश्यक दस्तावेज अवश्य अपलोड करें । यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है तथा आने वाले समय में इसे और बेहतर एवं उपयोगी बनाया जाएगा।यह पहल पुलिस व जनता के बीच भरोसे, संवाद और न्याय की प्रक्रिया को मजबूत करेगी तथा हर नागरिक को "सीधी, सुरक्षित और सुगम शिकायत प्रणाली" का अधिकार प्रदान करेगी।

# मेहंदवानी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मूल्यांकन शिविर हुई आयोजित



**शहपुरा** – डिंडोरी जिला के मेहंदवानी में आयोजित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांग बच्चों के पालकों एवं विद्यालय के शिक्षकों को स्पॉन्सरशिप योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। शिविर में उपस्थित टीम द्वारा योजना के उद्देश्य, पात्रता मानदंड, आवेदन करने की चरणबद्ध प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों — जैसे दिव्यांगता प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, बैंक विवरण, आय प्रमाणपत्र एवं स्कूल में नामांकन संबंधी अभिलेख — की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पालकों को यह भी बताया गया कि यह योजना दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, आवागमन, सीखने के साधन तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराती है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा इस सुविधा से वंचित न रहे।

आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के शिक्षा सूचकांकों से सीधे जुड़ी हुई है, विशेष रूप से स्कूल में दिव्यांग बच्चों के नामांकन, उपस्थिति, प्रतिधारण एवं सीखने के स्तर में सुधार हेतु। स्पॉन्सरशिप योजना हेतु आवेदन प्रोत्साहित करके ब्लॉक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में बाधाएँ कम हों, ड्रॉपआउट दर घटे और प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी शिक्षा का वातावरण मिले।

# अमरपुर में सांदीपनी विद्यालय प्रकरण पर बाजार बंद, शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग तेज

डिंडौरी




अमरपुर ब्लॉक मुख्यालय में सांदीपनी विद्यालय से जुड़े मामले को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराते हुए सुबह से दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखा। प्रदर्शनकारियों ने शिक्षक प्रशांत साहू की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।बुधवार को ग्रामीणों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने जनपद पंचायत अमरपुर में चौकी प्रभारी अतुल हरदहा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में कहा गया कि 24 नवंबर 2025 को सांदीपनी विद्यालय अमरपुर के शिक्षक द्वारा छात्राओं को आपत्तिजनक व्हाट्सएप संदेश भेजे जाने की शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि न तो आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार किया गया और न ही मामले में शामिल अन्य लोगों पर कोई कदम उठाया गया है। साथ ही विद्यालय प्राचार्य को भी उनके पद से नहीं हटाया गया है।ज्ञापन में दोषी शिक्षक की तत्काल गिरफ्तारी, मामले से जुड़े सभी व्यक्तियों पर जांच और कार्रवाई तथा प्राचार्य को पद से हटाने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई थी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो 27 नवंबर को बाजार बंद रखा जाएगा। इसी आह्वान के तहत अमरपुर बाजार बंद रहा और विरोध प्रदर्शन किया गया।

# मिलर्स और वरिष्ठ सहायक अधिकारी नॉन को नोटिस जारी करने के निर्देश

डिंडौरी

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जैन बेयर हाउस जोगी टिकरिया, म.प्र. वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन केप शाखा डिंडोरी (धमनगांव) तथा मे. जगदंबा वेयरहाउस आमाचूहा (धमनगांव) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउसों में समय पर उठाव न होने पर नाराजगी व्यक्त की।कलेक्टर ने देरी के लिए उत्तरदायी मिलर्स में खनूजा राइस मिल, मां नर्मदा राइस मिल, वाहेगुरु राइस मिल, भारत राइस मिल और बजरंग राइस मिल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर उठाव सुनिश्चित न कराने पर वरिष्ठ सहायक, नागरिक आपूर्ति निगम श्री ए.के. मौर्य को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनाज उठाव, भंडारण व्यवस्था और रेकॉर्ड अपडेट की प्रक्रिया में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा समय सीमा में सुधार सुनिश्चित करें।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वेयरहाउसों में खाद्यान्न भंडारण की स्थिति, साफ-सफाई, फ्यूमिगेशन, स्टॉक पंजी, सीसीटीवी व्यवस्था और अग्निशमन सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने सभी वेयरहाउस प्रबंधकों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता संरक्षण और भंडारण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सभी अभिलेख समय-समय पर अद्यतन रखे जाएं। कलेक्टर ने कहा कि भंडारण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे निरीक्षण आगे भी लगातार किए जाएंगे।

# एकीकृत माध्यमिक शाला जोगी टिकरिया में मध्यान्ह भोजन का औचक निरीक्षण

डिंडौरी ।



एकीकृत माध्यमिक शाला जोगी टिकरिया में मध्यान्ह भोजन योजना (MDM) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा वितरण प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विद्यालय में खाद्य पंजीयन का अवलोकन करते हुए संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एमडीएम के अंतर्गत उपयोग किए जा रहे चावल का नमूना भी संग्रहित किया गया, जिसे गुणवत्ता परीक्षण हेतु भेजा जाएगा। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि मध्यान्ह भोजन योजना के सभी प्रावधानों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित किया जाए तथा विद्यार्थियों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

# विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

**जनहितैषी योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का भी किया वितरण**



डिंडौरी ।

शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे द्वारा 25 एवं 26 नवंबर 2025 को विकासखंड डिंडौरी के अनेक ग्रामों में व्यापक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत गणेशपुर, दर्री मोहगांव, आनाखेड़ा, कसईसोंढ़ा, चौरामाल, मुढ़ियाखुर्द, मुढ़ियाकला एवं केवलारी में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रमों के दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत भवनों का भूमिपूजन, उप-स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण, मिघरौड़ी पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन, पुलिया निर्माण, सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं सीएचओ आवास गृह निर्माण कार्य तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन, पात्रता पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, बीपीएल स्वीकृति पत्र, 60 वर्ष से अधिक आयु की पेंशन सत्यापन पर्चियाँ, किसान क्रेडिट कार्ड, मिनी किट, बैंक लोन वितरण, स्ट्रीट वेंडर लाभ, मुद्रा लोन के स्वीकृति पत्र वितरित किए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे अपने उद्बोधन में कहा कि "मैं विकासखंड डिंडौरी के सभी ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है ग्राम विकास को गति देना, प्रत्येक हितग्राही तक शासन की योजनाएँ पहुँचाना और हर गाँव को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना। विधायक ने कहा कि पंचायत भवन, उप-स्वास्थ्य केंद्र, पुलिया निर्माण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, जल जीवन मिशन एवं अन्य विकास कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

सरकार की प्राथमिकता है कि अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसका हक मिले चाहे वह आवास योजना हो, पेंशन योजना हो, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड या किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग। आज वितरित किए गए स्वीकृति पत्र इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि विकास की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी। हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को समृद्ध, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाएँगे। मैं सभी ग्रामीणों से अपील करता हूँ कि वे शासन की योजनाओं का लाभ उठाएँ, अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और विकास में सक्रिय भागीदारी दें।

# दुधेरा से दिल्ली तकः नारी शक्ति आजीविका महासंघ की प्रियांका मरावी की प्रेरक यात्रा

डिंडौरी ।



ग्राम दुधेरा, ग्राम पंचायत बम्हनी, विकासखंड समनापुर, जिला डिंडौरी की युवा प्रियांका मरावी ने संघर्ष, साहस और शिक्षा के प्रति दृढ़ विश्वास के दम पर गाँव से दिल्ली तक पहुँचने की मिसाल पेश की है। नारी शक्ति आजीविका महासंघ बम्हनी से जुड़ी प्रियांका की यह उपलब्धि क्षेत्र की सैकड़ों लड़कियों के लिए प्रेरणा बन गई है।कृषक और दिहाड़ी मज़दूर परिवार में जन्मी प्रियांका तीन बहनों में सबसे बड़ी हैं। छोटी खेती और सीमित आय पर निर्भर परिवार में परिस्थितियाँ हमेशा कठिन रहीं, लेकिन प्रियांका ने हालातों के आगे झुकने से इंकार किया। पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्होंने सब्ज़ियाँ बेचने, छोटे-मोटे काम करने और आजीविका मिशन में कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (CRP) के रूप में कार्य कर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाया। डॉक्टर बनने का सपना आर्थिक सीमाओं के कारण भले ही दूर होता गया, लेकिन उनका संकल्प और मेहनत कम नहीं हुई।

इस संघर्ष की नींव उनके परिवार के नेतृत्व और साहस में है, विशेकर उनकी दादी चिरोंजा दीदी में—जो आजीविका मिशन तथा PRADAN संस्था द्वारा गठित स्व-सहायता समूह (SHG) की सबसे सक्रिय सदस्यों में से एक रही हैं। महिलाओं को संगठित करना, आजीविका बढ़ाना, लैंगिक समानता की वकालत करना—इन सभी में चिरोंजा दीदी ने वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान दिया। पोल्ट्री सहकारी संस्था (Poultry Cooperative) के माध्यम से मिला छोटा पोल्ट्री यूनिट परिवार की स्थायी आय का आधार बना, जिसने पोतियों की शिक्षा को कभी रुकने नहीं दिया।इसी वातावरण में प्रियांका ने हौसला, नेतृत्व और संघर्ष को जीना सीखा।उनके जीवन का मोड़ तब आया जब वे PRADAN के युवक-शक्ति कार्यक्रम (Yuva Shastra Program - YSP) से जुड़ीं। यहीं से उन्हंआ शिव नादर यूनिवर्सिटी, दिल्ली में एम.ए. इन डेवलपमेंट स्टडीज़ में प्रवेश का अवसर मिला। आजीविका मिशन, YSP और PRADAN टीम के मार्गदर्शन में उन्होंने आवेदन किया और चयनित हो गईं। प्रियांका इस अगस्त छात्रवृत्ति के साथ दिल्ली जाएँगी।प्रियांका का संकल्प है कि पढ़ाई पूरी कर अपने गाँव लौटें और आदिवासी समुदायों तथा विशेष रूप से ग्रामीण लड़कियों के लिए अवसरों का निर्माण करें।उनकी दादी चिरोंजा दीदी गर्व से कहती हैं— "ये सब आजीविका मिशन और PRADAN के बिना संभव नहीं था। उन्होंने मेरी पोती पर विश्वास किया, जब मैं भी हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी।"प्रियांका की यह यात्रा सिर्फ़ एक युवा लड़की की सफलता नहीं है— यह नारी शक्ति, सामूहिक सहयोग, संघर्ष और उम्मीद की वह कहानी है जो बताती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर गाँव की बेटियाँ भी दुनिया की किसी भी मंज़िल को छू सकती हैं।यह कहानी दुधेरा की हर उस लड़की के लिए एक चमकती हुई रोशनी है— जो सपने देखती है, और उन्हें पूरा करने की हिम्मत भी रखती है।

## विद्यालयों में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण और विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**डिंडौरी।** संविधान दिवस के अवसर पर जिलेभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के 1245 विद्यालयों में एक साथ संविधान शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्यपालन का संकल्प लिया।इसके साथ ही विद्यालयों में चित्रकला, भाषण, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संविधान की मूल भावना, उसके महत्व एवं नागरिक कर्तव्यों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनका मार्गदर्शन करना रहा।



In The Court of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate,District Court, Dindori
Presiding Officer: गिरजेश कुमार सनोदिया
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000024/2025)
प्रतिमा परस्ते.......आवेदक Vs
जनसाधारण.......अनावेदक Process Id- /2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 03/12/2025
(1) जनसाधारण पता डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रतिमा परस्ते पता ने मृतक विजय कुमार परस्ते निवासी ग्राम इटौरी जनपद पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) की खातों की राशि भुगतान हेतु राशि/सम्पति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 03 December 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 03 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 17 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
मुद्रा
गिरजेश कुमार सनोदिया
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate,District Court, Dindori
Presiding Officer: गिरजेश कुमार सनोदिया
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000025/2025)
रंगो बाई........आवेदक Vs
जनसाधारण.......अनावेदक Process Id- /2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 08/12/2025
(1) जनसाधारण पता डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र.
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंगो बाई पता ने मृतक लखन सिंह 1 निवासी वार्ड न. 5 पीपल चौक डिण्डोरी जिला डिण्डौरी खातों की राशि भुगतान हेतु राशि/सम्पति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 December 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 17 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
मुद्रा
गिरजेश कुमार सनोदिया
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक संपन्न हुई



**नरसिंहपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्किल कमेटी की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में व्यवसायों की समीक्षा, पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजना, प्रधानमंत्री इंटरशिप योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना, प्लेसमेंट, वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता 2025, एमओयू आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्राचार्य शासकीय आईटीआई श्री एसआर पाराशर, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्री पंकज पटेल और संबंधित जिला अधिकारी मौजूद थे।

### आदतन अपराधी को एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया

**नरसिंहपुर।** उल्लेखनीय है कि नरसिंहपुर पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थो की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जप्त किए जा रहे है। साथ ही मादक पदार्थो की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की भी सुनिश्चित की जा रही है ताकि जिले में अवैध मदक पदार्थ की सप्लाई पर पूर्णतः अकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में कठोर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के विक्रय सहित 12 आपराधिक प्रकरणों के आदतन अपराधी को जिला बदर कार्यवाही उपरान्त उसे जिले की सीमा से बाहर किया गया। आदतन अपराधी का नाम करन उर्फ कन्नू विश्वकर्मा पिता महेन्द्र विश्वकर्मा निवासी धनारे कालोनी, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर म.प्र.। विभिन्न धाराओं के तहत 12 आपराधिक प्रकरण दर्ज। उक्त अपराधी के विरूद्ध पूर्व में एनडीपीएस एक्ट, मारपीट, जुआ, आर्म्स एक्ट एवं अवैध गतिविधियों आदि के कई प्रकरण लंबित पाए गए थे तथा उसके द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने की संभावना के मद्देनजर आवश्यक कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए जिला बदर की कार्यवाही की गई। जिसके परिपेक्ष्य में उक्त आदतन अपराधी को जिला नरसिंहपुर समेत जिला छिन्दवाडा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम् जिले की राजस्व सीमाओ से एक वर्ष की अवधि के लिये निष्काषित किया गया है। नरसिंहपुर पुलिस द्वारा यह कार्यवाही अपराध नियंत्रण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुनिश्चित करने हेतु ऐसे तत्वों पर आगे भी कठोरता से कार्यवाही जारी रहेगी।

### यातायात नियमों के संबंध में आमजन को किया जा रहा जागरूक



**नरसिंहपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में हो रही निरंतर वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा 10 दिसंबर तक यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाना व व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में जिले में यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नियमों के पालन हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है।

### बुधवार की शाम 6 बजे तक जिले में 6 लाख 93 हजार 79 गणना पत्रकों का हुआ डिजिटाईजेशन

# जिले में 80 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य हुआ पूर्ण

### अधिकारी- कर्मचारियों को संविधान दिवस की सामूहिक शपथ दिलाई

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया जिले में सुचारू रूप से क्रियाशील है। अभियान के तहत जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ एवं सहायक दल द्वारा ऑनलाइन डिजिटाईजेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि बुधवार 26 नवंबर की शाम 6 बजे तक जिल में 6 लाख 93 हजार 79 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो 79.7 प्रतिशत है। इसके लिए जिले में 977 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। साथ ही बीएलओ की सहायता के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय का स्टाफ, वार्ड प्रभारी, पटवारी ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, शिक्षक, ग्राम कोटवार आदि नियुक्त किए गए हैं।

#### एसआईआर के कार्य में विधानसभावार उपलब्धि

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह ने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 118 गोटेगांव के अंतर्गत 258 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 77 हजार 14 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 80.09 प्रतिशत है। इसी तरह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत 262 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 83 हजार 833 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 77.59 प्रतिशत है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120 तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 226 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 59 हजार 135 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 82.46 प्रतिशत है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 121 गाडरवारा के अंतर्गत 231 बीएलओ और सहायक दल द्वारा एक लाख 73 हजार 97 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है, जो 79.17 प्रतिशत है।

#### सगोनी के बीएलओ एवं सहायक का किया सम्मान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर के कार्यों में बीएलओ और सहायक दलों द्वारा लगातार उपलब्धियां लाई जा रही हैं। इसी क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119 नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 85 के बीएलओ श्री चंद्रभान लोधी एवं सहायक श्रीमती ओमवती पटेल के द्वारा शतप्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य करने पर तहसीलदार श्री आकाश दहारे ने सम्मानितघ किया।

#### संविधान दिवस पर उद्देशिका का वाचन

संविधान दिवस पर जिले के शासकीय कार्यालयों में संविधान दिवस मनाया गया और संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन के परिसर में संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। उन्होंने अधिकारी- कर्मचारियों को संविधान दिवस की सामूहिक शपथ दिलाई।

### सहकार सामाजिक संस्था के सदस्यों ने किया श्री कुर्मी का स्वागत



**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं धर्मपरायण व्यक्तित्व एच पी कुर्मी सेवानिवृति के पश्चात से लगातार धार्मिक पदयात्रा कर रहे हैं। अपने रिटायरमेंट के अगले दिन ही उन्होंने सागर से अयोध्या तक पदयात्रा की एवम अब दूसरी यात्रा देश के उत्तरी छोर पर स्थित गंगोत्री से प्रारंभ कर रामेश्वरम तक यात्रा कर रहे हैं। इस क्रम में श्री कुर्मी ने सिद्ध झिरना प्रांगड़ में रात्रि विश्राम किया एवं अपने पूर्व सहकर्मियों के साथ सहभोज किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, संजय नेमा, ए के ब्यौहार,योगेश शर्मा,बी एस शर्मा, सबल पटेल, राजेश तिवारी,अनुराग मिश्रा,अशोक उदेनिया,बी एन पांडे,वीरेंद्र चैरसिया,जे एन शर्मा, देवेश वैद्य,मनीष कटारे दीपक अग्निहोत्री, जय सोनी,बृजेश नेमा, भूपेंद्र ठाकुर,धनीराम मेहरा एवं शिक्षा विभाग तथा सहकार सामाजिक संस्था के सदस्यों द्वारा श्री कुर्मी का स्वागत किया गया। इस दौरान श्री कुर्मी ने यात्रा के कई अनुभव बताए।

## विवादित बयान से नाराज सर्व ब्राह्मण सभा ने सौंपा ज्ञापन



तेंदूखेड़ा

विगत दिनों आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने प्रदेश भर में विरोध दर्ज करना शुरू कर दिया है। विगत दिवस तहसील तेंदूखेड़ा सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा संतोष वर्मा के खिलाफ आक्रोशित सभी ब्राह्मणों द्वारा एक विशाल रैली नगर के प्रमुख मार्गो से संतोष वर्मा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए निकाली गई और पुलिस थाना पहुंचकर एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा नगर निरीक्षक बी एल त्यागी को तथा तहसील कार्यालय में तहसीलदार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि संतोष वर्मा के खिलाफ आईएएस सेवा आचरण नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही पुलिस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज करें। अजाक्स के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा ने प्रांतीय सम्मेलन में मंच से ब्राह्मण समाज की बहन बेटियों और बहूओं के खिलाफ दूषित मानसिकता से भरा बयान दिया है। जिससे हम सब बहुत आहत हैं। इससे हमारी धार्मिक और निजी भावना आहत हुई है। बयान देने वाले संतोष वर्मा पर पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। एक सेवारत आईएएस होते हुए भी इस तरह का जातिगत कुंठित और दूषित मानसिकता से भरा बयान देना निंदनीय है। यह बयान सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ है जिसका विरोध भी हो रहा है। इसलिए उन पर आइएएस आचरण और सेवा नियमों के तहत शासन द्वारा पद से विमुक्त करने की कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि संतोष वर्मा कृषि विभाग में उप सचिव हैं। जिन्हें रविवार को भोपाल के डॉक्टर अंबेडकर मैदान में हुए अजाक्स की साधारण सभा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक मेरे बेटे के लिए कोई ब्राह्मण अपनी बेटी ना दे दें अथवा कन्यादान ना कर दे तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। सबसे पहले मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर नायक ने आपत्ति जताई। उसके बाद से संपूर्ण प्रदेश में जगह-जगह संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज रोड पर उतर आया है तेंदूखेड़ा में सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा ज्ञापन देने के बाद कहा गया कि यदि संतोष वर्मा पर 10 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं होती है, तो एक विशाल आंदोलन चलाया जाएगा और उसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

## पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर कुछ तत्व मचा रहे उत्पात - नवाब रजा

### यदि प्रशासन द्वारा मुझे न्याय नहीं दिया गया, तो मैं 7 दिन के बाद फैक्ट्री बंद करने पर विचार करूंगा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



यदि प्रशासन ने समय रहते सही कदम नही उठाया तो मैं कारखाना बंद करने के लिए विवश हो जाऊंगा। क्योंकि जिस प्रकार से पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर कुछ तत्व उत्पात मचा रहे ऐसे में फैक्ट्री चलाना दूभर हो जाएगा । इतना ही नहीं मेरी हत्या भी की जा सकती है या मुझे किसी झूठे आरोप में फसाया जा सकता है। उक्त आरोप महाकौशल शुगर एंड पावर इंडस्ट्रीज लिमिटेड ,बचई शुगर मिल के संचालक नवाब रजा ने पत्रकारवार्ता में लगाए। श्री रजा ने भावुक होकर कहा कि बेहद संघर्ष के बाद कारखाना खड़ा किया है किसानों को पूरा मान सम्मान दिया है। किंतु अफसोस का विषय है कि फैक्ट्री के विस्तार और चलाने में दिक्कत पैदा की जा रही हैं जिसके चलते मुझे न्यायालय जाना पड़ता है। फैक्ट्री चलाने में तकलीफ हो रही है। इथेनॉल परमिशन के लिए भारी दिक्कत हुई। काम करने में अनावश्यक दबाव बनाया जाता है और कुछ लोग मुझे परेशान कर रहे हैं फैक्ट्री में उन्होंने 25 अक्टूबर को तोड़फोड़ की और काफी देर तक आतंक मचाया। पुलिस को सूचना दी पुलिस आई और एक व्यक्ति को पकड़ कर ले गई जिस गाड़ी पर लोग आए थे उस पर मध्य प्रदेश शासन लिखा हुआ था किंतु अफसोस का विषय है कि पुलिस ने कुछ देर बाद ही उसे छोड़ दिया , अब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का फोन आया है कि आपके खिलाफ केस बनाया जाएगा आप चाहे तो उनके खिलाफ भी शिकायत करें दोनो पक्षों पर अर्थात मुझ पर भी केस बनाया जाएगा। पुलिस प्रशासन के इस रवैया से मैं हैरान हूं कि केस तोड़फोड़ करने वालों पर बनाना था किंतु मुझे भी आतंक फैलाने वालों के समकक्ष रखा जा रहा है इस पर मैंने आपत्ति की है और पुलिस प्रशासन से कहा कि जिन पर आरोप है जिन्होंने तोड़फोड़ की है उन पर केस बनाया जाए। पुलिस की इस कार्यप्रणाली के कारण मुझे पीड़ा और बेहद दुख हो रहा है। यही कारण है कि मैने किसानों को बुलाया और किसानों की सहमति लेकर शुक्रवार 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर विस्तार से पूरी जानकारी दी जाएगी और न्याय की मांग की जाएगी। यदि प्रशासन द्वारा सही कदम नहीं उठाया गया और मुझे न्याय नहीं दिया गया, तो मैं 7 दिन के बाद फैक्ट्री बंद करने पर विचार करूंगा।

### नेशनल लोक अदालत संबंधी बैठक संपन्न जागरूकता शिविर का आयोजन



**नरसिंहपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के निर्देशानुसार जिले की केन्द्रीय जेल में बंदियों हेतु विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन करते हुए बंदियों से वन टू वन चर्चा की गई। इस शिविर में जेल में निरूद्ध बंदियों से उनकी अपील के संबंध में एवं बंदी की संपूर्ण सजा पूर्ण होने के उपरांत भी जेल में निरूद्ध होने के संबंध में बंदियों से पूछताछ की गई। उक्त शिविर में दिनेश मीणा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजेश सक्सेना जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बंदियों से मुलाकात कर उनके प्रकरण संबंधी विस्तृत जानकारी ली। जेल प्रशासन की ओर से अजमेर सिंह ठाकुर जेल अधीक्षक, नरेंद्र व्यास उपजेल अधीक्षक, आशीष खरे जेलर, एडवर्ड स्वामी सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।इसके साथ ही दिनांक 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में नरसिंहपुर जिले के विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ एडीआर सेंटर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उक्त विभागों के अधिकारीगण से नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किए गए। बैठक में वैभव सक्सेना जिला न्यायाधीश नरसिंहपुर, दिनेश मीणा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजेश सक्सेना जिला विधिक सहायता अधिकारी, नीलम चैहान नगर पालिका अधिकारी, विमल सोनी सहायक यंत्री एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बचई शुगर मिल में हंगामा- कम तुलाई रोकने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता से मारपीट नबाब रज़ा और साथियों पर हमला करने का आरोप, मारपीट का वीडियो वायरल

गोटेगांव



गोटेगांव के मुंगवानी समीप बचई शुगर मिल में जमकर विवाद हुआ जहां विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल के नगर संयोजक जयदीप दुबे ने मिल संचालक नबाब रज़ा और कर्मचारियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को शिकायत सौंपी है। दूसरी ओर मिल प्रबंधन ने पुलिस को अलग शिकायत देकर आरोप लगाया है कि बजरंग दल कार्यकर्ता जबरन परिसर में घुसे और उत्पादन कार्य में बाधा डालते हुए हंगामा करने लगे। जयदीप दुबे ने बताया कि वे 25 नवंबर की सुबह किसानों के साथ गन्ना खरीदी दरों और तुलाई में अनियमितताओं पर चर्चा करने बचई शुगर मिल पहुंचे थे। उनका कहना है कि जिले की अन्य मिलों में 370 से 375 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गन्ने की खरीदी हो रही है, जबकि बचई शुगर मिल में यह दर केवल 350 से 355 रुपये प्रति क्विंटल रखी गई है। इन्हीं विषयों पर चर्चा के दौरान नबाब रज़ा अपने साथियों के साथ पहुंचे और आवेदक को गेट के भीतर ले जाकर मारपीट की, कपड़े फाड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना का वीडियो भी साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है।इधर मिल प्रबंधन का कहना है कि बजरंग दल कार्यकर्ता बिना अनुमति के फैक्ट्री परिसर में घुस आए और उत्पादन कार्य में बाधा पहुँचाते हुए कर्मचारियों से विवाद करने लगे। प्रबंधन ने इस घटना को पूर्व नियोजित उपद्रव बताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विवाद के बाद में ज्ञापन एवं शिकायत देने के लिए आवेदक के साथ कई साथी भी मौजूद थे। इनमें संजय पटेल, अभिषेक, दिपांशु, अनुराग, मयंक, ऋषिराज पटेल, शिवम सहित अन्य लोग शामिल थे, जो जयदीप दुबे के साथ प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने पहुंचे थे। मुंगवानी थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि घटना को लेकर दोनों पक्षों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस वायरल वीडियो सहित सभी साक्ष्यों की विवेचना कर रही है। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति सामने लाने के लिए दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच पूरी होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम सगरा के ग्रामीणों का आरोप-ग्राम कोटवार कर रहे अवैध अतिक्रमण

### झूठे आरोपों से त्रस्त ग्रामीण, कोटवारों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

### पूर्व में दिए कई आवेदनों पर भी नहीं हुई कार्रवाई, कोटवारों के खिलाफ पुनः कलेक्टर के नाम सौंपे दो ज्ञापन



**गोटेगांव** समीप ठेमी ग्राम सगरा (ग्राम पंचायत करकबेल) के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम कोटवार श्रीराम मेहरा एवं बलराम मेहरा पर गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों कोटवार शासकीय गौ-चारण भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रहे हैं तथा अपने अवैध कार्यों को छिपाने के उद्देश्य से ग्राम के निर्दोष लोगों पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कोटवारों द्वारा शासकीय भूमि पर न केवल कब्जा किया गया है, बल्कि हाल ही में उस भूमि पर खड़ी धान की फसल काटकर रख भी ली गई है। जब कुछ ग्रामवासियों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों के अनुसार कोटवार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गाँव में भय एवं तनाव का वातावरण पैदा कर रहे हैं।ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि कोटवारों के अनुचित व्यवहार, कर्तव्य चोरी, निरंतर शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होने तथा ग्रामवासियों के विरुद्ध झूठी रिपोर्टें तैयार कराने जैसी गतिविधियों को लेकर वे कई बार संबंधित विभाग को शिकायतें दे चुके हैं, लेकिन दिनांक 26 नवंबर 2025 तक किसी भी प्रकार की ठोस प्रशासनिक कार्यवाही नहीं की गई। कोटवारों के प्रभाव के कारण कई ग्रामीण खुलकर अपनी बात कहने में भी संकोच कर रहे हैं, जिससे ग्राम की शांति लगातार भंग हो रही है।ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि दोनों कोटवारों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से हटाया जाए, ताकि ग्राम में शांति और प्रशासनिक पारदर्शिता बहाल हो सके। साथ ही ग्रामीणों ने कहा है कि यदि समय रहते उचित कार्यवाही न की गई और भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ग्रामीणों ने पूर्व में दिए गए सभी आवेदनों की प्रतियां भी ज्ञापन के साथ संलग्न कर प्रशासन को सौंपते हुए न्याय की अपेक्षा व्यक्त की है।

## आईएएस के कथित बयान के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

गोटेगाँव




बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के कथित बयान के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज श्रीधाम, गोटेगाँव ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि अजाक्स प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राम्हण समाज की बेटियों के लिये दिये गये दूषित मानसिकता पूर्ण बयान से समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं, और यह बयान समाज को बाँटने वाला है। संगठन ने इसे अनुशासनहीनता और सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन बताया है। संतोष वर्मा पर पुलिस द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए, क्योंकि उनके बयान ने समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। एक सेवारत आईएएस अधिकारी होते हुए भी जातिगत कुत्सित एवं दूषित मानसिकता से भरा बयान देना सिविल सेवा नियमों का उल्लंघन है; अतः शासन द्वारा उनके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह बयान प्रसारित हुआ, उनकी भी जाँच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए इस मौके पर बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण सभा के स्वाजतीय बंधु उपस्थित थे !